卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 76 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦23 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## राष्ट्रवाद हमारा परम धर्म: धनखड़

### तीन दिवसीय वेद विज्ञान एवं संस्कृति महाकुंभ का शुभारम्भ





हरिद्वार (उद संवाददाता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर आयोजित तीन दिवसीय वेद विज्ञान एवं संस्कृति महाकुंभ में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ले.ज. सेनि गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए उप राष्ट्रपति विशेष विमान से वह 10.10 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह (शेष पृष्ठ सात पर)

## भीमताल में पिंजरे में कैद हुआ गुलदार



भीमताल (उद संवाददाता)। भीमताल के नरभक्षी प्रभावित क्षेत्र में एक गुलदार पिंजरे में कैद हुआ है। डी.एफ.ओ. चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि दुधली में पकड़े गए गुलदार के सैम्पल लेकर जांच की जाएगी, कि ये वही हमलावर नरभक्षी है या नहीं ? भीमताल का एक बड़ा क्षेत्र इन दिनों तीन महिलाओं को हिंसक वन्यजीव द्वारा शिकार बनाए जाने के लिए चर्चाओं में है। शासन ने गुलदार को नरभक्षी घोषित करते हुए मारने के आदेश दिए थे, जिसके बाद उच्च न्यायालय (शेष पृष्ठ सात पर)

## पत्रकारों से अभद्रता पर कांग्रेस के खिलाफ धरना



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों सिटी क्लब में आयोजित कांग्रेस जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में पत्रकारों से अभद्रता के विरोध में श्रमिकों एवं पत्रकारों ने अम्बेडकर पार्क में प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान चेतावनी दी गयी कि पांच दिन में अभद्रता करने वालों ने माफी नहीं मांगी तो लम्बा आंदोलन किया जायेगा। बता दें बीते दिनों सिटी क्लब में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कवरेज कर रहे कुछ पत्रकारों के साथ कांग्रेस नेताओं ने अभद्रता करते हुए उन्हें सभागार से बाहर कर दिया था। जिसके विरोध में शनिवार को श्रमिक संगठनों से जुड़े लोगों एवं पत्रकारों ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर धरना दिया। इस दौरान धरने पर बैठे लोगों ने अभद्रता करने वाले कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जमकर गुबार निकाला। उनका कहना था कि अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए कांग्रेस नेता मीडिया की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। इसे बर्दाश्त नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि काशीपुर मार्ग पर तेल मिल के सामने तेज गति से जाते अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। प्रात: मामले की जानकारी मिलने पर 108 एम्बुलेंस के द्वारा उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन चिकित्सालय आ गये और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार आज तड़के काशीपुर मार्ग पर गुजरते लोगों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति को लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस के द्वारा घायल को जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रात: घटना की जानकारी मिलने पर परिजन चिकित्सालय आ गये और उनमें कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि शारदा कालोनी के पास पदमनगर कालोनी निवासी उनके पिता करीब 65 वर्षीय रामानन्द पासवान पुत्र रामदास कुछ दिन पूर्व एक कम्पनी में ट्रैक्टर चलाने का काम करते थे। गत रात्रि वह रोज की तरह खाना खाकर टहलने के लिए घर से निकले थे। जिसके बाद परिजन सो गये। प्रात: उन्हें सूचना मिली कि उनके पिता घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं। जब वह अस्पताल आये तो उनके पिता की मौत हो चुकी थी। उनका कहना था कि किसी अज्ञात वाहन चालक ने उनके पिता को टक्कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## किसानों के लिए समर्पित रहा चौधरी चरण सिंह का जीवन: शिव





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का सम्पूर्ण जीवन किसानों की सेवा में ही व्यतीत हुआ। वह किसानों के सच्चे मसीहा थे। यह बात विधायक शिव अरोरा ने आज जाट समाज द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन पर निगम सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को चौधरी चरण सिंह के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में कार्य करने चाहियें। उन्होंने कहा कि जाट परिवार में 23 दिसम्बर 1902 में जन्म लेने के बाद युवावस्था से ही चौधरी चरण सिंह ने किसानों के हितों के लिए संघर्ष करना शुरू कर दिया था। वह आज के युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत हैं। देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में उनका योगदान कभी भी नहीं भुलाया जा सकता हैं। क्रांतिकारी साथियों के साथ मिलकर उन्होंने अंग्रजी हकूमत को बार बार चुनौती दीं। कार्यक्रम को स्नेहपाल सिंह, केपी सिंह, देवेन्द्र सिंह, गुलाब सिंह सिरोही, एसके दराब, उपेन्द्र चौधरी, एसके मलिक, हरेन्द्र मलिक, अवधेश मलिक, मनोज सिंह तोमर, दीपक लुहाच सहित अन्य कई वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इससे पूर्व सभी गणमान्य अतिथियो व उपस्थित लोगों (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुकान में घुसकर चोरों ने 50 हजार की नगदी उड़ाई

काशीपुर(उद संवाददाता)। शहर में चोरी और लूट की वारदातों का सिलसिला थम नहीं रहा है। कानून व्यवस्था को ताक पर रखकर चोरों ने चोरी की एक और वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है। आधी रात के बाद अज्ञात चोरों ने मानपुर रोड स्थित एक दुकान पर धावा बोलकर वहां से लगभग 50 हजार रूपयों की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में स्टेडियम के समीप मानपुर रोड निवासी अभिनव अग्रवाल ने बताया कि उसकी ए आर इंटरनेशनल के नाम से प्रतिष्ठान है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात्रि लगभग 2:30 बजे अज्ञात चोरों ने दुकान में घुसकर दराज में रखे 50 हजार रूपयों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की लगातार घटित हो रही घटनाओं को लेकर यहां व्यापारियों के अलावा आम जनता में भी भय का माहौल है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

## ‘महारैली’ से निपटने के लिए ‘धामी’ की ‘चतुर चाल’

### भू-कानून एवं मूल निवास मसले पर उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा कर एक तीर से साधे कई निशाने, राजनीतिक लाभ लेने के कांग्रेसी मंसूबे पर फेरा पानी, भाजपा के खिलाफ बनने वाले नकारात्मक परसेप्शन की निकाली हवा

-अर्श-



रूद्रपुर। पिछले कुछ समय से सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश विदेश में रोड-शो आयोजित करने एवं इन्वेस्टर मीट्स आयोजन के उपरांत, उत्तराखंड के लिए भारी मात्रा में निवेश अर्जित करके आर्थिक रूप से सशक्त उत्तराखंड के निर्माण की दिशा में एक माइलस्टोन स्थापित करके मुख्यमंत्री के रूप में अपनी प्रतिभा का लोहा तो मनवाया ही है, साथ ही उन्होंने नवंबर माह में संपन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक के रूप में अपना उल्लेखनीय योगदान देकर अपने कद को भी काफी बड़ा किया है। इसके साथ ही उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री अब अपनी राजनीतिक सूझ-बूझ एवं चतुर चाल से भारतीय जनता पार्टी एवं राज्य सरकार को भविष्य में असहज कर सकने वाले किसी भी परसेप्शन के आकार लेने से पहले ही उसकी हवा ही निकाले दे रहे हैं। बताना होगा कि जैसे-जैसे आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे उत्तराखंड में मूल निवास एवं सशक्त भू कानून का मसला एक बार फिर गरमाने लगा है और इसी मसले को प्रांत व्यापी आकार देने के लिए आगामी 24 दिसंबर को राजधानी देहरादून में एक स्वाभिमान रैली का आयोजन भी किया जा रहा है। स्वाभिमान रैली का संयोजन उत्तराखंड का प्रबुद्ध समाज, लोक कलाकार, कविगण एवं नागरिक समाज के कद्दावर लोग कर रहे हैं। विगत दिनों उत्तराखंड के लोकप्रिय लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी ने भी उक्त स्वाभिमान रैली में राज्य के लोगों से प्रतिभाग करने की अपील कर इस आयोजन को लाइम लाइट में ला दिया है और उसके बाद इसका राजनीतिक फायदा लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भी स्वाभिमान रैली को तथा नरेंद्र सिंह नेगी द्वारा उठाए गए कदम को अपना समर्थन तुरंत ही दे दिया, लेकिन सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने भू- कानून एवं मूल निवास मसले पर एक उच्च स्तरीय समिति के गठन के घोषणा की। अपनी चतुर चाल द्वारा मूल निवास स्वाभिमान रैली का राजनीतिक फायदा लेने के कांग्रेस के मंसूबे पर तो पानी फेर ही दिया, साथ ही उन्होंने उपरोक्त महारैली के परिणाम स्वरूप भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ बनने वाले संभावित नकारात्मक परसेप्शन को भी काफी हद तक कम कर दिया है। स्मरण करना होगा कि उत्तराखंड में राज्य स्थापना के बाद से ही हिमाचल की तर्ज पर सशक्त भू-कानून लागू की मांग उठने लगी थी।इसी क्रम में सबसे पहले 2002 में सरकार की तरफ से प्रावधान किया गया कि राज्य के भीतर अन्य राज्य के लोग सिर्फ 500 वर्ग मीटर की जमीन ही खरीद सकते हैं। इस प्रावधान में 2007 में एक संशोधन कर दिया गया और 500 वर्ग मीटर की जगह 250 वर्ग मीटर की जमीन खरीदने का मानक रखा गया। लेकिन 6 अक्टूबर 2018 को भाजपा की तत्कालीन सरकार ने संशोधन करते हुए नया अध्यादेश प्रदेश में लाने का काम किया। अध्यादेश में उत्तर प्रदेश जमीदारी विनाश और भूमि सुधार अधिनियम 1950 में संशोधन करके दो और धाराएं जोड़ी गई। जिसमें धारा 143 और धारा 154 के (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड के 11 पर्वतीय रेलवे स्टेशन स्थलों पर विकसित होगी नई टाउनशिप

## कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर निर्धन परिवारों को आठ रुपये किलो मिलेगा नमक

देहरादून(उद संवाददाता)। पुष्कर सिंह धामी सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों में नए शहरों के विकास और पलायन वापसी की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेललाइन परियोजना में निर्माणाधीन 11 रेलवे स्टेशन वाले स्थलों और इनके निकटस्थ क्षेत्रों को सुंदर शहरों के रूप में विकसित करने के निर्णय पर मंत्रिमंडल ने मुहर लगा दी। मास्टर प्लान बनाकर इन शहरों का विकास किया जाएगा। मास्टर प्लान क्रियान्वित होने तक रेलवे स्टेशन के परिसरों की सीमा से 400 मीटर तक के क्षेत्र में निर्माण गतिविधियां प्रतिबंधित की गई हैं। मंत्रिमंडल ने लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंत्योदय एवं प्राथमिक परिवारों को प्रतिमाह एक किलो आयोडीन युक्त नमक आठ रुपये की दर से उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। सचिवालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में पर्वतीय क्षेत्रों के विकास, कर्मचारियों, उद्यमियों, निर्धन परिवारों, युवाओं के



हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्य सचिव डा एसएस संधु ने मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग नई ब्रॉडगेज रेल लाइन परियोजना का कार्य लगभग एक वर्ष में पूरा हो जाएगा। परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन 11 रेलवे स्टेशन स्थलों को नई टाउनशिप के रूप में विकसित किया जाएगा। रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण और उनके निकट अनियमित निर्माण से यात्रियों को होने वाली असुविधा से बचाने के साथ ही निकटवर्ती क्षेत्र को शहर के रूप में विकसित किया जाएगा।मुख्य सचिव डा एसएस संधु ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत योग नगरी ऋषिकेश, शिवपुरी, ब्यासी, सिराला, चिलगढ़ मल्ला, मलेथा, श्रीनगर, धारी देवी, तिलानी, घोलतीर और गौचर में रेलवे स्टेशन निर्माणाधीन हैं। मंत्रिमंडल ने रेलवे स्टेशन की सीमा से 400 मीटर की परिधि क्षेत्र में समस्त प्रकार के निर्माण और विकास गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। इन सभी क्षेत्रों का विकास अब मास्टर प्लान के अंतर्गत किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने उद्यमियों को राहत देते हुए उनकी बड़ी मांग पूरी की है। समस्त औद्योगिक क्षेत्रों के मानचित्र अब मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण समेत संबंधित विकास प्राधिकरणों से स्वीकृत कराने की व्यवस्था मंत्रिमंडल ने समाप्त कर दी। साथ ही ये मानचित्र स्वीकृत करने के लिए स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (एसआइडीए) को अधिकृत किया है। संघ लोक सेवा आयोग और सशस्त्र बलों के अधिकारियों की भर्ती की प्रारंभिक परीक्षाओं में उत्तीर्ण करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को विशेष आर्थिक सहायता के रूप में 50 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये करने पर मंत्रिमंडल ने सहमति दी।

# आतंकी हमले में पौड़ी और चमोली के दो जवान शहीद

देहरादून। । बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के बफलियाज इलाके में हुए आतंकी हमले में गढ़वाल मंडल के दो वीर बलिदान हो गए। इनमें पौड़ी जिले के कोटद्वार निवासी राइफलमैन गौतम कुमार (29) और तैनात थे। वीरेंद्र का परिवार रुड़की में रहता है, लेकिन उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बमियाला में किया जाएगा। बताया जा रहा है कि गौतम ने 15 दिन की छुट्टी के बाद पिछले शनिवार को ही ड्यूटी ज्वाइन की थी।





चमोली जिले के बमियाला गांव के वीरेंद्र सिंह बलिदान हुए हैं। दोनों के बलिदान की सूचना सेना के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार देर रात परिजनों को दी। दोनों बलिदानियों का पार्थिव शरीर शनिवार को उनके घर पहुंचेगा, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौतम की तैनाती 89 आर्म्ड कोर में थी, वहीं वीरेंद्र 15वीं गढ़वाल राइफल्स में 11 मार्च को उनकी शादी होने वाली थी और परिजन इसकी तैयारी में लगे थे, लेकिन इस बीच उनके बलिदान की खबर से पूरा परिवार सदमे में है। बता दें कि बृहस्पतिवार को पुंछ जिले के सुरनकोट तहसील में बफलियाज पुलिस स्टेशन मंडी रोड पर आतंकियों ने घात लगाकर सैन्य वाहन पर हमला कर दिया था। जिसमें सेना के पांच जवान बलिदान हो गए थे।

# कोरोना के नए वेरिएंट से सुरक्षा की तैयारियां पूरी, गाईडलाइन जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। देश में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन.1 को लेकर प्रदेश सरकार अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नए वेरिएंट को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास



करें।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार से विभिन्न अस्पतालों में संसाधनों और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त की।स्वास्थ्य सचिव ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके निर्देशानुसार कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है। इंफ्लूएंजा और गंभीर तीव्र श्वसन से संबंधित रोगियों की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को कोरोना से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयारी करें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अब तक प्रदेश में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन.1 को लेकर एक भी मरीज नहीं आया है। इसके बावजूद सरकार पूरी तरह से अलर्ट है। कोरोना से निपटने के लिए अस्पतालों में ऑक्सीजन बेड, आईसीयू और अन्य सुविधाएं जुटा ली गई हैं। अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि सांस और हृदय रोगियों की निगरानी की जाए। प्रदेश में नए वेरिएंट पर नजर रखी जा रही है और यदि कहीं कोई मरीज आता है तो उस स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि वर्तमान में कोविड जांच के लिए प्रदेश में 50 से अधिक पैथोलॉजी लैब स्थापित हैं। इसमें 12 लैब सरकारी हैं। इसके अलावा पीएचसी और सीएचसी स्तर पर रैपिड टेस्ट की सुविधा है। साथ ही कोविड और इन्फ्लूएंजा से ग्रसित मरीजों के प्रदेश के अस्पतालों में ऑक्सीजन और बेड की पर्याप्त व्यवस्था है।5,893 ऑक्सीजन समर्थित आइसोलेशन बेड, 1,204 आईसीयू बेड, वेंटिलेटर युक्त 894 आइसीयू बेड, 1,298 क्रियाशील वेंटिलेटर, 7,561 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, 15,950 ऑक्सीजन सिलेंडर, 93 क्रियाशील पीएसए प्लांट, 807 क्रियाशील ऑक्सीजन स्टोरेज टैंक उपलब्ध हैं। इसके साथ ही कोविड-19 प्रबंधन में प्रशिक्षित 3,161 पैरामेडिकल स्टाफ की टीम शामिल है। देश में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट जेएन-1 को लेकर नगर निगम भी अलर्ट मोड पर आ गया है। निगम ने कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए सैनिटाइजेशन के पुख्ता इंतजाम करने की योजना बना ली है। इसके हाइपोक्लोराइड का अतिरिक्त कोटा भी मंगाया जा रहा है। साथ ही विषम परिस्थितियों में कार्य करने के लिए निगम के कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। केरल समेत अन्य राज्यों में कोरोना के नए वेरिएंट का प्रकोप बढ़ने लगा है। इसे देखते हुए समय रहते जिम्मेदार महकमों ने कमर कस ली है। नगर निगम ने कोरोना की पहली और दूसरी लहर में शहरभर में टैंकरों व छोटी मशीनों से हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया था। हालांकि, निगम के कार्य की सराहना हुई थी, लेकिन आपात स्थिति का अंदाजा न होने के कारण निगम को हाइपोक्लोराइड की व्यवस्था के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा था। आनन-फानन नगर निगम ने राजस्थान से हाइपोक्लोराइड मंगाया था। स्थिति सामान्य होने के बाद हाइपोक्लोराइड की आवश्यकता नहीं पड़ी। वर्तमान में निगम में स्टोर में हाइपोक्लोराइड का कोटा काफी कम है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्टोर में 15 दिन का अतिरिक्त हाइपोक्लोराइड कोटा रखवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आपूर्ति को लेकर भी कंपनियों को संपर्क किया जा रहा है।

# देह व्यापार का भंडाफोड़, दो महिला सहित तीन गिरफ्तार

देहरादून। सिडकुल थाना क्षेत्र में सीओ सदर ने छापेमारी करते हुए देह व्यापार में लिप्त दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, सीओ सदर स्वप्निल मुयाल को बृहस्पतिवार की शाम सूचना मिली कि हेतमपुर में शिवम अकादमी के पास घर के अंदर देह व्यापार का धंधा चल रहा है। इसके बाद सीओ सदर ने कोर्ट चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह चौहान, महिला एसआई मनीषा नेगी, आरक्षी मनीष, विजय नेगी के साथ मौके पर छापा मारा। जहां से देह व्यापार करते हुए दो युवतियां और एक युवक मिले। तलाशी लेने पर कमरे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। पुलिस सभी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। थाना प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि आरोपी शीतल सिंह निवासी मोहल्ला खुशहालपुर थाना बाजपुर ऊधमसिंह नगर और दो युवतियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया।

# प्रदेश में छह महीने तक हड़ताल पर रोक, एस्मा लागू

देहरादून। देहरादून प्रदेश सरकार ने राजकीय सेवाओं में हड़ताल पर रोक लगाने के लिए उत्तरप्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) लागू कर दी है। प्रदेश सरकार के कर्मचारी अगले छह महीने तक हड़ताल नहीं कर सकेंगे। सचिव कार्मिक एवं सतर्कता शैलेश बगौली ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य सरकार के विभागों में हड़ताल होने पर सरकार एस्मा के तहत कार्रवाई करेगी। एस्मा लगाए जाने के औचित्य पर बगौली ने कहा कि प्रदेश में अवस्थापना विकास के कई कार्य होने हैं। लोकसभा चुनाव की तैयारी भी होनी है। इसे देखते हुए एस्मा लगाई गई है। बता दें कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, लंबित मसलों को लेकर कर्मचारी संगठनों के तेवर भी तल्ख हो रहे हैं।

# भू-कानून समिति की रिपोर्ट परीक्षण समिति का गठन

देहरादून। प्रदेश में भू-कानून और मूल निवास के मुद्दे पर गरमाई सियासत के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय प्रारूप समिति का गठन किया गया है। यह समिति पूर्व में गठित भू-कानून समिति की ओर से उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट का विस्तृत परीक्षण कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस संबंध में अपर सचिव राजस्व डॉ. आनंद श्रीवास्तव की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। पूर्व मुख्य सचिव सुभाष कुमार की अध्यक्षता में गठित भू-कानून समिति ने अपनी रिपोर्ट बीते वर्ष सितंबर माह में मुख्यमंत्री को सौंप दी थी। रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद इसकी सिफारिशों के अनुरूप नया भू कानून बनाए जाने का इंतजार हो रहा है। समिति ने राज्य में जमीन खरीदने के मानकों को कड़ा करने, राज्य के प्रत्येक भूमिधर को भूमिहीन होने से बचाने, निवेश के नाम पर ली जाने वाली भूमि पर लगने वाले उद्यम में राज्य के 70 प्रतिशत लोगों को रोजगार देने, प्रदेश में 12.50 एकड़ से अधिक भूमि के



आवंटन पर रोक लगाने समेत कई अन्य सिफारिशें की हैं। समिति की कई सिफारिशें पड़ोसी राज्य हिमाचल के भू-कानून के अनुरूप की गई हैं। रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह उम्मीद की जा रही थी कि सरकार इसे तत्काल लागू कर देगी, लेकिन भू-कानून में संशोधन के मामले में सरकार जल्दबाजी नहीं करना चाहती। कई परीक्षणों के बाद अब प्रारूप समिति का गठन किया गया है। अपर सचिव डॉ. श्रीवास्तव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि यह समिति आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों, अधिकारियों को सुझाव देने या विषयगत प्रकरण में अपना अभिमत देने के लिए बुला सकती है। हालांकि प्रारूप समिति को अपनी रिपोर्ट सरकार को कब तक सौंपनी है, आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया है। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में गठित प्रारूप समिति में प्रमुख सचिव न्याय विभाग, सचिव राजस्व विभाग, सचिव सामान्य प्रशासन और अपर सचिव मुख्यमंत्री जगदीश कांडपाल को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

# नशीले पदार्थों का प्रचलन रोकने के लिए सभी जिलों में ड्रग काउंसलिंग सेंटर बनाए जाएं : धामी

देहरादून(उद सवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में राज्य स्तरीय एनसीओआरडी की बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशीले पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनायी जाए। उन्होंने दवाइयों के रूप में नशीले पदार्थों के प्रचलन को रोकने के लिए भी एनडीपीएस एक्ट के तहत लगातार कार्यवाई किए जाने के निर्देश दिए। इसके लिए संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी की कारवाई की जाए। हल्द्वानी और कोटद्वार में बनाए जा रहे नशा मुक्ति केन्द्रों की संचालन की शीघ्र कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान वर्चुअल माध्यम से जुड़े 'नशा मुक्त शहर-नशा मुक्त गांव' के अन्तर्गत चिन्हित 85 गांव/वार्ड के ग्राम प्रधानों और वार्ड मेम्बर को 'जिंदगी को हां नशे को ना' की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री राज्य बनाने के लिए सभी विभागों को प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जेलों में ड्रग काउंसलिंग सेंटर बनाए जाएं। शिक्षा विभाग पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा और नशे के दुष्प्रभाव से सबंधित विषय शामिल करें। बैठक में शासन के अधिकारियों और जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नशा मुक्ति के लिए अपने सुझाव दिए गए।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817




## नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गदरपुर के गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 04 में क्रमांक 124 पर गृहकर अभिलेखानुसार श्रीमति कुलवन्त कौर पत्नी अजायब सिंह का नाम अंकित है। कुलवन्त कौर की दिनांक 10/01/2023 को मृत्यु हो चुकी है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री अजायब सिंह, रमनदीप, जगतार सिंह वारिस हैं। श्री रमनदीप व श्री जगतार सिंह पुत्र अजायब सिंह के नाम से नामान्तरण कर गृहकर अंकित होना है। जिसमें अजायब सिंह के नाम से अनापत्ती शपथ प्रस्तुत किया गया है। जिसकी पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में श्री रमनदीप व श्री जगतार सिंह पुत्र अजायब सिंह निवासी वार्ड नं० 04 गदरपुर ने अपने नाम से नामान्तरण कराने के लिये पत्रावली प्रस्तुत कर अनुरोध किया है। जोकि नामान्तरण के लिये प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद-मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधम सिंह नगर )**

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# उत्तराखंड पुलिस को मिला आधुनिक मशीनें खरीदने के लिए 17.69 करोड़ रूपये का बजट



देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड का पुलिस विभाग अब आधुनिक सेवाओं से लैस होगा। शासन ने पुलिस विभाग को मशीनों की खरीद के लिए 17 करोड़, 69 लाख रुपये का बजट जारी किया है। मानक मद-40 के तहत मिले इस बजट के अंतर्गत विभाग जल्द ही पुलिस मुख्यालय व जिलों के लिए मशीनों की खरीद की जाएगी। कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने बजट को इस वित्तीय वर्ष में ही खर्च करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित राज्य पुलिस आधुनिकीकरण से संबंधित गोष्ठी के दौरान कार्यवाहक डीजीपी ने कुमाऊं एवं गढ़वाल परिक्षेत्र में एक-एक आउटडोर व इंडोर शूटिंग रेंज और आईआरबी प्रथम व द्वितीय में एक-एक इंडोर शूटिंग रेंज का निर्माण करने के निर्देश दिए। इसी तरह खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 31वीं वाहिनी पीएसी और रुद्रपुर में स्विमिंग पूल का निर्माण, एसडीआरएफ कार्मिकों के आपदा राहत प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तरीय तरणताल का निर्माण, राज्य स्तरीय एटीएस प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण और राज्य स्तरीय साइबर फोरेंसिक लैब का निर्माण करने को कहा। पुलिस महानिरीक्षक पुलिस आधुनिकीकरण नीलेश आनंद भरणे ने कहा कि वर्तमान में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का आवास संतुष्टि स्तर 18 प्रतिशत है। इसमें सुधार के लिए आवासों के निर्माण के लिए आगामी तीन वर्षों में 100 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की जाएगी। मुख्यमंत्री की ओर से पुलिस स्मृति दिवस पर इसकी घोषणा की गई है। इस दौरान राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस चौकियों के सुधार के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। कार्यवाहक डीजीपी ने कहा कि पौड़ी स्थित रेंज कार्यालय का पुनर्निर्माण किया जाएगा। फिर इसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय को स्थानांतरित करके इसका भी पुनर्निर्माण किया जाएगा। अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन अमित सिन्हा ने कहा कि जो वाहन कंडम हो चुके हैं, उनके स्थान पर और वाहनों की मांग शासन से की जाएगी। सर्दी के मौसम को देखते हुए पहाड़ी थाना चौकियों में सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा। पीएसी में अब ट्रकों के स्थान पर बसों की आपूर्ति की जा रही है, जिससे पीएसी कर्मियों का आवागमन सुगम होगा। इसके अलावा वाहनों का भी आडिट कराया जाएगा, ताकि इनका पूरी क्षमता के साथ उपयोग किया जा सके।

# लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. रवि दत्त गोदियाल और आयोग के सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने



राज्यपाल को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग का 22वाँ वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा। राज्यपाल ने इस दौरान आयोग के क्रियाकलापों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य अनिल कुमार राणा, श्रीमती नन्दी राजू श्रीवास्तव, डॉ. ऋचा गौड़, सचिव गिरधारी सिंह रावत, परीक्षा नियंत्रक अवधेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# निजीकरण के खिलाफ खनन कारोबारियों ने किया प्रदर्शन

शांतिपुरी। गौला संघर्ष समिति बैनर तले इमली घाट गेट पर ट्रैक्टर-ट्रॉली स्वामियों ने चार सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदेश सरकार की खनन निजीकरण नीति के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि सरकार की गौला खनन निजीकरण की नीति से लाखों लोगों का खनन से जुड़ा रोजगार पूरी तरह से प्रभावित होगा। बैंक से लोन लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली चला रहे वाहन स्वामी बर्बाद



हो जाएंगे। वाहनों की फिटनेस को पूर्व की भांति किया गया। समिति के इमली घाट अध्यक्ष कविंदर कोरंगा ने कहा कि गेट पर पूर्व की तरह कांटे से तौल होनी चाहिए। सरकार गौला नदी को निजी हाथों में कर खनन से जुड़े सरकारी गेटों में रोजगार छीन रही है। फिटनेस का निजीकरण कर वाहन स्वामियों को दबाया गया है। जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाती है जब तक इमली घाट गेट से खनन शुरू नहीं किया जाएगा। वहां पर भूपेश बिष्ट, भुवन कफलटिया, पप्पू कोश्यारी, इंदर बुडम, कपिल रावत, गोविंद दानू, जीवन गोसाई, राजू राणा आदि मौजूद रहे।

# वेटरनरी प्राध्यापक से होगी 44 लाख रुपये की रिकवरी

पंतनगर। प्राध्यापकों को मिलने वाला कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) का लाभ मजाक बन कर रह गया है। वेटरनरी के सह प्राध्यापक को नियम विरुद्ध सीएएस का लाभ देकर प्राध्यापक बना दिया गया। यही नहीं उनकी अपर निदेशक प्रशासन के पद पर ताजपोशी कर दी गई। वर्तमान में वह आरटीआई समन्वयक के पद पर आसीन हैं। विशेष ऑडिट में आपत्ति लगने पर मामले का खुलासा हुआ, लेकिन विवि प्रशासन मामले को दबाए रहा। इस मामले में आरटीआई लगने के बाद बैकफुट पर आए विवि प्रशासन को मजबूरन कार्रवाई करनी पड़ी।जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय में पहली फरवरी 2003 को डॉ. प्रकाश भट्ट की नियुक्ति सहायक प्राध्यापक के पद पर हुई थी। इससे पूर्व वह 19 अप्रैल 2001 से 31 जनवरी 2003 तक पशुपालन विभाग नैनीताल में पशु चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात थे।डॉ. भट्ट के पशु चिकित्साधिकारी के पद पर पीआरसी वेतनमान में की गई सेवा अवधि को सीएएस के तहत जोड़ते हुए अनियमित रूप से 19 अप्रैल 2007 को ग्रेड वेतन सात हजार, 19 अप्रैल 2012 को आठ हजार और 19 अप्रैल 2013 को सह प्राध्यापक के रूप में ग्रेड वेतन नौ हजार में पदोन्नति दी गई जिसके अनुसार ही उन्होंने दिसंबर 2020 तक वेतन आहरित किया।विशेष ऑडिट में आपत्तियां लगने के बाद 21 अक्तूबर 2020 को तत्कालीन सीपीओ ने डॉ. भट्ट को सीएएस के तहत अनियमित रूप से दिया लाभ निरस्त कर दिया। इसके बाद नियमत: उनसे रिकवरी की जानी चाहिए थी, लेकिन जिम्मेदार मामले को दबाए रहे। संवादपंतनगर। मामले में विवि कर्मी राजेश सिंह ने आरटीआई के तहत सूचना मांगी, लेकिन जिम्मेदारों ने व्यक्तिगत सूचना बताकर जवाब देने से मना कर दिया। इसके बाद अपील में गए राजेश के तर्कों से तत्कालीन डीन वेटरनरी डॉ. एनएस जादौन ने माना कि डॉ. भट्ट को अनुचित तरीके से सीएएस का लाभ दिया गया है। उन्होंने सहायक लेखाधिकारी को चेतावनी पत्र जारी करते हुए नियंत्रक को डॉ. भट्ट से रिकवरी करने के लिए लिखा। संवाद डॉ. भट्ट को अनुचित तरीके से दिए गए सीएएस के लाभ को तत्कालीन सीपीओ ने 21 अक्तूबर 2020 को निरस्त कर दिया था। अब वित्त नियंत्रक की संस्तुति और कुलपति की स्वीकृति के बाद वर्तमान सीपीओ मो. नासिर ने डॉ. भट्ट के वेतन से 38 किस्तों में 44,11,243 रुपये वसूली के आदेश दिए हैं। जिसमें 37 किस्तें 1,17,750 रुपये और 38वीं किस्त 54,493 रुपये की होगी।

# ब्राह्मण परिवार का परिचय समारोह 24 को

रूद्रपुर। ब्राह्मण परिवार का परिचय समारोह 24 दिसम्बर को आदर्श कालोनी स्थित सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर में होगा। जानकारी देते हुए ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महामंत्री पंडित संजीव शर्मा ने बताया कि परिचय समारोह 24 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे शुरू होगा। इस दौरान सहभोज भी आयोजित होगा। महामंत्री संजीव शर्मा ने ब्राह्मण बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# जूडो टीम में खेलेगी आरती

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग की स्नातक प्रथम सेमेस्टर की छात्रा आरती मेहरा का चयन कुमाऊं विश्वविद्यालय की जूडो टीम के लिए हुआ है । कॉलेज के इतिहास में अबतक यह दुसरा अवसर है जब किसी छात्रा का चयन कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की टीम में हुआ है। ज्ञात हो कि विगत 7 अक्टूबर 2023 को वासुदेव कालेज में कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम से आरती मेहरा ने प्रतिभाग किया था, जिसके बाद उसका चयन कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम के लिए हुआ था। यह जानकारी कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डा, नागेंद्र शर्मा द्वारा दी गई। उन्होंने बताया आरती कानपुर में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। कोटाबाग डिग्री कॉलेज की छात्रा आरती मेहरा ग्राम बजूनिया हल्दू कोटाबाग की निवासी है। आरती की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। प्राचार्य प्रोफेसर नवीन भगत, क्रीड़ा प्रभारी डा, हरीश चंद्र जोशी, डा, परितोष उप्रेती, डा, दिनेश व्यास, डा, सुनीता बिष्ट, डा, भावना जोशी, डा, आलोक कुमार पांडे, डा, विनोद कुमार उनियाल, डा, सत्य नंदन भगत डा, बिंदिया ने आरती को बधाई दी है।



# जैन ग्लोबल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जैन ग्लोबल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों में वैज्ञानिक गुणवत्ता के सर्वांगीण विकास हेतु आयोजित गणित और विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि चेयरमैन पुष्कर राज जैन, निर्देशक योगेश जैन, श्रीमती पलक जैन ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।छात्रों ने नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधानों का परिचय कराते हुए उच्चतम स्तर की विचारशीलता दिखाई। जिसमें छात्रों ने चार्ट, वर्किंग मॉडल, नॉन वर्किंग मॉडल द्वारा आधुनिक जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा सभी छात्रों ने विभिन्न विज्ञान गतिविधियों में अपनी सक्रियता दिखाई, जिससे उनकी वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधान क्षमता में सुधार हुआ। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रदर्शनी से हमारा लक्ष्य है छात्रों की विज्ञान में रुचि बढ़ाना और उन्हें सामाजिक रूप से जागरूक करना, ताकि वे भविष्य में विज्ञान में अग्रणी बन सकें।





# संकल्प यात्रा में बताई केन्द्र सरकार की उपलब्धियां

काशीपुर(उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्राम-ढकिया कला तथा ग्राम महतावन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अर्जुन द्वारा सम्मानित अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों तथा उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। भाजपा नेता निवर्तमान प्रदेश प्रवक्ता गौरव शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन जनता के लिए पूर्णत: समर्पित है। उन्होंने देश का पैसा बचाने के लिए अपनी माता जी के स्वर्गवास पर नेताओं को आने से मना कर दिया था तथा दु:ख की इस घड़ी में भी बिना आराम किये जनहित में काम भी करते रहे। उन्होंने बताया कि लगातार तीसरी बार सर्वे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के नंबर वन नेता चुने गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरगाामी सोच का ही परिणाम है कि देशभर में हर घर शौचालय निर्माण, उज्ज्वला गैस कनेक्शन आदि दिये गये और हर घर नल-हर नल जल का सपना भी साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में चाय बेचने वाला पीएम बना और पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोहा मान रही है। उन्होंने कहा कि आज देश में विकास कार्यो एवं कामों की झड़ी लग गई है। सड़क तथा स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल जैसी जटिल परिस्थियों का भी आसानी से सामना किया गया और आज सभी हॉस्पिटल में ऑक्सिजन की









उपलब्धता है, पहाड़ों में ऑक्सीजन कंसोंटेटर लगाए गए हैं। अपने देश की गरीब जनता को 5 साल तक और राशन दिया जाएगा। गरीबों के लिए राशन, चिकित्सा सभी फ्री मिल रहा है। जाति धर्म, पंथ से ऊपर उठकर जरूरत मंद लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 18 प्रकार के असंगठित मजदूरों को आगे लाने की भी व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए पेंशन की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि जब तक प्रयास नहीं करेंगे तब तक हम लाभान्वित नहीं हो सकते, हमे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि भारत नित नई बुलन्दियों को छू रहा है और जहां रूस और चीन नहीं पहुंच पाए वहां देश पहुंच गया।आज हमारे पास रक्षा क्षेत्र में अपने खुद के आधुनिक हथियार हैं। पहले दूसरे देशों से मांगते थे, कोई हमे नहीं पूछता था। पीएम मोदी ने रूसदृयूक्रेन युद्ध को 3 दिन तक रुकवाकर देश के बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। पाकिस्तान कंगाली की स्थिति में है, आटे के लिए छीनादृझपटी हो रही है। हमारा देश 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहा है।विश्व की 5वी बढ़ी आर्थिक शक्ति बन गए हैं। जाति धर्म, वर्ग, क्षेत्र के बारे में नहीं देश के बारे में सोच रहे हैं प्रधानमंत्री। ढाई साल में पीएम मोदी ने नई संसद बनकर इतिहास रच दिया। हमने किसी दूसरे देश से मदद नहीं ली और चंद्रयान मिशन को सफल बनाया।तेजस, ब्रह्ममोस, मेडिकल यूनिट की अमेरिका ने मांग की द्विपक्षीय वार्ता में, हर देश में इज्जत मिल रही है, यह है हमारा भारत,2047 में भारत कहां होगा, उसका खाका खींच दिया हैं, हम रहें न रहें, देश नम्बर एक पर होगा। गरीब से गरीब को भी हर सुविधा मिले। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खिलेंद्र चौधरी ने कहा कहा कि कुछ लोग देश की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का षड्यंत्र कर रहे हैं, युवाओं में ड्रग्स का नशा घोल रहे हैं। लत छुड़ाने की दवाई है, बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह बनाने पर बहनों को 5 लाख रुपए ब्याज रहित दे रहे हैं। पीएम योजना शुरू करते हैं और धरातल पर उतारने का काम करते हैं। भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद शोषितों का जीवन स्तर बदलने का काम पीएम ने किया, तमाम योजनाएं बनाकर उन्हें धरातल पर उतारा गया, यात्रा में मौके पर ही अधिकांश समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। योजनाएं लगातार धरातल पर उतर रही हैं। शिविर में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरित की गई। दो व्यक्तियों द्वारा अपनी-अपनी सफलता की कहानी सुनाते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 80 व्यक्तियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाई वितरण के साथ ही 63व्यक्तियों की आभा आईडी तथा 22 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। हौम्योपैथिक विभाग द्वारा 11 व्यक्तियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाई वितरित की गई, कृषि विभाग द्वारा 2 किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाये गये।

## लोकतंत्र का गला घोट रही भाजपा सरकार: मीना

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा है कि विपक्षी सांसदों का निलंबन भाजपा की तानाशाही प्रवृत्ति को उजागर करता है, श्रीमती शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने इतनी बड़ी संख्या में सांसदों का निलंबन कर लोकतंत्र का गला घोटा है, जिसके लिए देश की जनता भारतीय जनता पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस नेत्री श्रीमती शर्मा ने अपने



वक्तव्य में कहा कि इससे पूर्व कभी भी इतनी बड़ी संख्या में विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित नहीं किया गया,इस कार्यवाही से पूरा देश शर्मशार हुआ है। कांग्रेस नेत्री श्रीमती शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की इस कार्रवाई ने उनकी तानाशाही प्रवृत्ति को पूरे देश के सामने उजागर किया है। इसके लिए देश की जनता भारतीय जनता पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि लोकसभा में सांसदों का निलंबन भारतीय जनता पार्टी की तानाशाही मानसिकता को प्रदर्शित करता है, उन्होंने कहा कि लोकसभा में सांसदों को बोलने का अधिकार है, और आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार इस अधिकार से देश के सांसदों को वंचित कर रही है। इधर श्रीमती शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी की तानाशाही प्रवृत्ति के विरुद्ध जन जागरण करें । और भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों को जनता के सामने लाने का प्रयास करें,उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए आगे आए।

## विकास योजनाओं को समय पर पूरा करें: सीडीओ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में जिला योजना, राज्य योजना तथा केन्द्र पोषित योजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिन विभागों द्वारा अभी तक अवमुक्त प्रथम किस्त को शत प्रतिशत खर्च नही किया है वे विभाग 15 जनवरी तक शत प्रतिशत खर्च करना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि जनता को योजनाओं का लाभ समय से दिलाने हेतु सभी अधिकारी जनपद में प्रस्तावित एवं गतिशील कार्यों एवं योजनाओं के कार्यो में तेजी लाते हुये ससमय पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागों को द्वितीय किस्त भी आवंटन कर दिया गया है, इसलिये सभी सम्बन्धित विभाग विकास कार्यो में तेजी लाते हुये योजनाओं को समय से पूर्ण करें। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि लोक सभा निर्वाचन-2024 की प्रक्रिया भी गतिमान है इसलिये जिन विभागों द्वारा टेण्डर आदि की प्रक्रिया की जानी है वे समय से पूर्ण कर ले। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माणाधीन योजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्धता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यों में तेजी लाकर योजनाओं को



समयबद्धता से पूर्ण करने के साथ ही सभी सेक्टर में आवंटित धनराशि का समय से सदुपयोग करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद में किये जा रहे विकास कार्यो व आवंटित धनराशि के सापेक्ष खर्च की जा रही धनराशि की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप प्रत्येक माह की प्रथम सप्ताह में डीएसटीओ कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल ने बताया कि केन्द्र पोषित योजनान्तर्गत जनपद हेतु अनुमोदित 87446.76 लाख धनराशि के उपरांत शासन से अवमुक्त धनराशि 61436.88 लाख रूपये के सापेक्ष 47515.35 लाख रूपये की धनराशि का उपयोग किया जा चुका है जोकि 77.34 प्रतिशत है। राज्य सैक्टर में 36016.65 लाख अनुमोदित उपरांत शासन से अवमुक्त 30643.33 लाख रूपये के सापेक्ष 21102.16 लाख रूपये की धनराशि का उपयोग किया जा चुका है जो 68.86 प्रतिशत है। जिला योजनान्तर्गत 6867.77 लाख अनुमोदित के उपरांत शासन से अवमुक्त 6867.77 लाख रूपये के सापेक्ष 2210.38 लाख रूपये की धानराशि का उपयोग किया जा चुका है जो 32.18 प्रतिशत है। बैठक में पीडी हिमांशु जोशी, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, सहायक आयुक्त गन्ना कपिल मोहन, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## समान नागरिक संहिता समिति पर एक करोड़ से अधिक खर्च का भुगतान किया

### डाटा एण्ट्री तथा विश्लेषण पर 21.24 लाख खर्च की स्वीकृति

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति पर एक करोड़ से अधिक धन के खर्च के उत्तराखंड शासन द्वारा स्वीकृति आदेश जारी किये गये हैं। इसमें बड़ी संख्या में आये सुझावों के डॉटा एण्ट्री तथा विश्लेषण के लिए 18 लाख तथा इस पर जी.एस.टी. की स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उत्तराखंड शासन के गृह विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड शासन के गृह विभाग के लोक सूचना अधिकारी से समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति तथा इस पर खर्च के सम्बन्ध में सूचना मांगी। इसके उत्तर में गृह विभाग के लोक सूचना अधिकारी/अनुसचिव ज्योतिर्मय त्रिपाठी ने समिति के गठन, कार्यकाल बढ़ाने के शासनादेशों के अतिरिक्त खर्च स्वीकृति सम्बन्धी शासन के आदेशों की फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध भुगतान स्वीकृति आदेशों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि 15 सितम्बर 2023 तक समान नागरिक संहिता के खर्च स्वीकृति सम्बन्धी आदेशों में रू. एक करोड़ 10 लाख 63 हजार 80 रू. की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसमें सबसे बड़ी धनराशि 18 लाख तथा इस पर जी.एस.टी. सहित कुल 21 लाख 24 हजार की स्वीकृति 06 अप्रैल 2023 के शासनादेश संख्या 641 से समिति को प्राप्त सुझावों के डाटा एण्ट्री एवं विश्लेषण सम्बन्धी कार्यों के समयबद्ध निष्पादन हेतु कार्यवाही संस्था आई.टी.आई. लि0 क्षेत्रीय कार्यालय गोमती नगर के वित्तीय आगणन शामिल की है। इसके अतिरिक्त रू. 89 लाख 39 हजार 80 रूपये के खर्च के भुगतान की स्वीकृति के भी आदेश जारी किये गये हैं। श्री नदीम को उपलब्ध भुगतान स्वीकृति आदेशों के अनुसार समिति के कार्यालयों पर कुल 25 लाख 19 हजार 5 रू. के खर्च, समिति की बैठकों पर 4 लाख 30 हजार 700 रूपये, समिति के कार्यों के लिये लॉ इन्टर्न की सेवायें लेने के लिये 35 हजार प्रति माह मानदेय की दर से लॉ इन्टर्न पर कुल रू. 9 लाख 10 हजार रूपये, समिति अध्यक्ष के वाहन, यात्रा आदि खर्च पर 10 लाख 78 हजार 20, सदस्य मनु गौण के वाहन, यात्रा आदि खर्च पर 15 लाख 96 हजार 146, सदस्य शत्रुध्न सिंह के भत्ते, वाहन, यात्रा आदि खर्च पर 4 लाख 44 हजार 926 रूपये, सदस्य प्रमोद कोहली के वाहन, यात्रा आदि खर्च पर 1 लाख 57 हजार 295, सदस्य सुरेश डंगवाल के वाहन, यात्रा आदि खर्च पर 3 लाख 36 हजार 188 रू. खर्च के भुगतान की स्वीकृति शासन द्वार प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त जनसंवाद, विशेष कार्याधिकारी पर खर्च सहित विभिन्न अन्य खर्चो पर 14 लाख 66 हजार 800 रूपये की धनराशि के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गयी है। श्री नदीम को उपलब्ध समिति के गठन तथा कार्यकाल बढ़ाने के शासनादेशों के अनुसार शासनादेश संख्या 452 से समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति का गठन 27 मई 2022 को किया गया था। 6 माह का कार्यकाल समाप्त होने पर शासनादेश सं0 1470 दि0 28 नवम्बर 2022 से इसका कार्यकाल समिति के अनुरोध पर 6 माह बढ़ाया गया। इसके उपरान्त शासनादेश सं0 827 दिनांक 9 मई 2023 से इसका कार्यकाल 4 माह के लिये बढ़ाया गया। इसके उपरान्त 22 सितम्बर 2023 से समिति के वर्तमान कार्यों की प्रगति, विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त सुझावों के विश्लेषण किये जाने हेतु 27 सितम्बर से 4 माह के लिये कार्यकाल बढ़ाया गया। यह कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त होने से पहले समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत होने की उम्मीद की जा रही है।

## उत्तम दत्ता का किया स्वागत

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य मत्स्य पालक विकास अभिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष उत्तमदत्ता का गत दिवस कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात यहां पहुंचने पर मंडी समिति विश्राम गृह में भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।



इस दौरान पीसीयू चेयरमैन उतराखणड राम महरोत्रा,आवास विकास मंडल रजत सिंधु, जिला महामंत्री मोहन बिष्ट, जिला कार्यालय मंत्री समरपाल सिंह, गुरविंदर सिंह चन्दोंक, प्रदेश मंत्री काशीपुर मेयर ऊषा चौधरी, नगर निगम, प्रदेश सह संयोजक प्रकोष्ठ सुशील शर्मा, आवास विकास मंडल वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं मंडल शक्ति केंद्र प्रभारी अशोक चावला सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## 15 सौ की रिश्वत लेते कलर्क गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रिश्वत लेने वाले अधिकारियों के खिलाफ सरकारी महकमा द्वारा लगातार भ्रष्टाचार मिटाने के लिए कार्रवाई जारी है। सीबीआई ने शुक्रवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यहां ईपीएफओ के रीजनल ऑफिस में तैनात एक लोअर डिविजनल क्लर्क को 15 सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। ईपीएफओ ऑफिस में तैनात क्लर्क विजय शंकर सिंह पर आरोप है कि वह एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी से पेंशन लगाने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। जिसकी शिकायत उसकी तरफ से सीबीआई के देहरादून दफ्तर में की गई थी। इसके बाद शुक्रवार को सीबीआई की टीम ने हल्द्वानी में मौजूद श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंदर चलने वाले ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय में छापा मारा। यहां क्लर्क को 1500 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों की गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई की टीम शुक्रवार रात आरोपी कलर्क को लेकर देहरादून रवाना हो गई। शनिवार को गिरफ्तार क्लर्क को देहरादून में सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# नदीम हत्याकाण्ड में मां, बाप और भाई गिरफ्तार





जसपुर (उद संवाददाता)। रात भट्टा कॉलोनी नई बस्ती में हुई नदीम की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर ते हुए मामले में मृतक के पिता और भाई को गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी वंदना वर्मा ने बताया कि एक महिला द्वारा सूचना मिली कि उसके 25 वर्षीय बेटे नदीम द्वारा घर मे गला काट लिया है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुँची जिसके बाद मौके पर जांच की गई। साथ ही महिला से पूछताछ की गई तो उसकी बातों में विरोधाभास था और शव के पास भी कुछ स्ट्रगल मास भी थे जिसकी गहनता से जांच की गई और महिला से पूछताछ की गई तो महिला ने बताया कि उसका बेटा गलत संगत में था और उसके साथ, उसके पति और दूसरे बेटे के साथ अभद्र व्यवहार करता था और गाली गलौच मारपीट करता था। नशे में रहने का आदि था। इन सभी बातों को लेकर रात को घर मे झगड़ा हुआ था जिसमे उसके पति और उसके दूसरे बेटे ने उसका गला काटकर हत्या को अंजाम दिया।उसके बाद पिता और पुत्र मौके से फरार हो गए थे। महिला ने भी घटना में उनका साथ दिया था और पुलिस के सामने दूसरे तरीके से कहानी पेश कर गुमराह करने का प्रयास किया। मौके से आला कत्ल चाकू भी बरामद किया गया। पुलिस ने मृतक नदीम के पिता हबीब अहमद और भाई नावेद उर्फ बिट्टू को पतरामपुर फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार कर लिया। मामले में जिसमे चौकी इंचार्ज की तरफ से मुकदमा पंजीकृत किया गया है और तीनों लोगो को गिरफ्ताफर कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## पाकिस्तान का पुतला फूंका

गदरपुर( उद संवाददाता)। जम्मू में सेना आतंकवादियों द्वारा काफिले में शामिल दो सैन्य वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में पांच जवानों की शहादत से गुस्साए एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ताओं ने शहर में जुलूस निकाला और आतंकवाद व आतंकवादियों को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान का पुतला फूंका। इस दौरान एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने कहा कि जम्मू कश्मीर



के राज्यपाल मनोज सिन्हा के इस दावे को खारिज कर दिया गया है कि जम्मू में अब आतंकवादी सक्रिय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर को पूरी तरह से सेना को सौंपने और सेना को खुली छूट देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है. इस मौके पर अमित ढींगड़ा, जसवन्त सैनी, राजकुमार नैय्यर, अजय सिंह, अजय रावत, कालू चौहान, राजेंद्र सिंह, राजकुमार तिवारी, मोहित गुप्ता, गुरुमीत आदि मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाली

कालाढूंगी( उद संवाददाता)। राजीव गांधी नवोदय विद्यालय कोटाबाग और अटल उत्कृष्ट विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज कालाढूंगी के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इससे पहले सभी बच्चों एवं शिक्षक व शिक्षिकाओं ने मतदान करने की शपथ ली। जिसके बाद नवोदय विद्यालय द्वारा स्यात गांव क्षेत्र में रैली निकालकर जनता को मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी चेतन प्रकाश तिवारी ने लोकतंत्र में मतदान की महत्ता को समझते हुए अपने इस कर्तव्य के प्रति जागरूक रहने हेतु सभी को प्रेरित किया। विद्यालय के उपाचार्य अरविंद कुमार गेजवाल द्वारा सभी से मतदान करने व अपने आस पास के अन्य लोगो को भी जागरूक करते रहने को कहा। रैली के दौरान विद्यार्थियों सहित शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। उधर राजकीय इंटर कॉलेज कोटाबाग के विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी अकील अहमद के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली।



## देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल हल्दूचौड़ इकाई के चुनाव 28 जनवरी को होगा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल हल्दूचौड़ इकाई का कार्यकाल पूरा होने पर उसको भंग कर दिया है। नई कार्यकारणी के चुनाव के लिए मतदान 28 जनवरी 2024 को होगा।देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा की। इसके लिए 10 जनवरी 2024 तक सदस्यता की अंतिम तिथि तय की है। सदस्यता अभियान के लिए वर्तमान अध्यक्ष खिम सिंह बिष्ट और भास्कर सुयाल को सदस्यता प्रमुख बनाया गया है।चुनाव संपन्न कराने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है जिसमें प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, युवा मंडल अध्यक्ष अतुल गुप्ता, मनोज खुलवे को शामिल किया गया है जो तीन दिन के अंदर हल्दूचौड़ जाकर व्यापारियों की आम सभा बुलाकर चुनाव की जानकारी देंगे।






# 26 दिसंबर को अयोध्या रवाना होगा काशी के ब्राह्मणों का पहला जत्था

**सूक्ष्म शुभ मुहूर्त में होगी श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, संपूर्ण भारत के लिए कल्याणकारी होगा**

**22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान, पहली आरती पीएम नरेंद्र मोदी उतारेंगे**



वाराणसी। श्री रामजन्मभूमि अयोध्या में नव निर्माणाधीन मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 84 सेकेंड के सूक्ष्म मुहूर्त में होगी। पंच बाण से मुक्त ये मुहूर्त भारत के लिए संजीवनी का काम करेगी। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भारत के विश्वगुरु बनने की राह को प्रशस्त करेगी। ग्रहों की अनुकूलता प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त को संपूर्ण भारत के लिए कल्याणकारी बना रहा है। ये मुहूर्त देश के साथ ही इस प्राण प्रतिष्ठा के यजमान पीएम नरेंद्र मोदी के लिए भी लाभकारी है। राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश भर से 5 मुहूर्त प्रस्तावित किए गए थे। राममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अंत में गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा और काशी के विद्वानों पर अंतिम निर्णय छोड़ दिया। इसमें सबसे अधिक शुभ मुहूर्त 22 जनवरी का ही निर्धारित किया गया था। देशभर के विद्वानों की ओर से 17, 21, 24, 25 जनवरी का प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त दिया गया था। उनमें से काशी के ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने एक मुहूर्त चुना है। 22 जनवरी की यह तिथि पांच बाण अग्नि बाण, मृत्यु बाण, चोर बाण, नृप बाण और रोग बाण से पूरी तरह से मुक्त है। इसके कारण यह देश के लिए संजीवनी योग का निर्माण कर रही है। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण और राममंदिर के शिलान्यास का मुहूर्त निकालने वाले पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि मेष लग्न में वृश्चिक नवांश में अभिजीत मुहूर्त में श्रीरामजन्मभूमि में रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए अतिसूक्ष्म मुहूर्त है। ये दोपहर में 12 बजकर 29 मिनट आठ सेकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक 84 सेकेंड का है। गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा के परीक्षाधिकारी मंत्री पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा करने से रामजी की राज्यवृद्धि होगी अर्थात नीति के अनुसार शासन कार्य चलेगा। प्राण प्रतिष्ठा मुहूर्त पर देश भर से आई आपत्तियों को गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा ने खारिज कर दिया है। राममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने मुहूर्त पर आई आपत्तियों के निराकरण के लिए काशी गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा को पत्र लिखा था। सभा ने आपत्तियों को खारिज करते हुए 22 जनवरी के मुहूर्त को सर्वाधिक शुभ बताया है। पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि रामजी का जन्मनक्षत्र पुनर्वसु है। इससे गणना करने पर तृतीय पर्यय में रोहिणी नक्षत्र रामजी को वधतारा पड़ती है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मृगशिरा नक्षत्र के तीसरे चरण में कोई दोष नहीं है। रामजी के लिए मृगशीर्ष मैत्र तारा है जो कि प्रधानमंत्री के लिए शुभ है। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा होने से प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा में उत्तरोत्तर वृद्धि का योग बन रहा है। सोमवार, मृगशीर्ष नक्षत्र और पंचबाण से मुक्त होने पर प्राण प्रतिष्ठा की का मुहूर्त संजीवनी योग निर्मित कर रहा है। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के कर्मकांड की पूरी जिम्मेदारी काशी के वैदिक ब्राह्मणों पर है। काशी से ही हवन, पूजन और प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सामग्री अयोध्या जाएगी। 26 दिसंबर को काशी के ब्राह्मणों का पहला जत्था रवाना होगा। इसके साथ ही यज्ञ कुंड व पूजन मंडप का कार्य भी आरंभ हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चारों वेदों के साथ ही कृष्ण यजुर्वेदीय शाखा के 51 वैदिक ब्राह्मण काशी से रवाना होंगे। पं. अरुण दीक्षित ने बताया कि प्राणप्रतिष्ठा मुहूर्त को भव्य बनाने के लिए और कोई भी पूजा छूट न जाए, इसलिए ग्रंथों के अध्ययन के साथ ही देश भर के विद्वानों से संपर्क किया जा रहा है। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के लिए अयोध्या में आठ तरह के मंडप का निर्माण किया जाएगा। काशी से अयोध्या जाने वाले वैदिक चारों वेदों का पारायण करेंगे। इसके साथ ही काशी से 108 कलश पंचगव्य, 10 तरह की समीधा, सहस्त्रछिद्राभिषेक के लिए घड़ा, तीर्थों का जल, नवरत्न, पंचरत्न, पारा और सप्तधान्य अयोध्या पूजन के लिए जाएगा। कर्मकांडी पं. लक्ष्मीकांत दीक्षित के आचार्यत्व में देश भर के 121 वैदिक ब्राह्मण प्राण प्रतिष्ठा मुहूर्त को संपन्न कराएंगे। उन्हें कांची के शंकराचार्य शंकर जयेंद्र सरस्वती ने इसके लिए चुना है। प्राण प्रतिष्ठा की शुरुआत 16 जनवरी को सरयू की जलयात्रा के साथ होगी। पहले दिन भगवान की मूर्ति को नगर भ्रमण कराया जाएगा। 17 जनवरी को गणेश पूजन के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरूआत हो जाएगी। 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा होगी। पहली आरती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उतारेंगे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### आतंकवादियों की खुली चुनौती

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले में सेना के चार जवानों की शहादत और तीन के घायल होने की घटना से एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि सख्ती के तमाम दावों के बावजूद आतंकवादियों को पूरी तरह रोक पाने में कामयाबी नहीं मिल पा रही है। इससे इतर ऐसे हमलों में एक नई प्रवृत्ति यह भी देखने में आ रही है कि आतंकी अब मुख्य रूप से सेना और अर्धसैनिक बलों को निशाना बना रहे हैं।जाहिर है, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद ने नए सिरे से एक जटिल शक्ल अख्तियार कर ली है और यह गहरी चिंता का विषय है। गौरतलब है कि आतंकियों ने घात लगा कर सेना के दो वाहनों पर हमला किया, जो जवानों को लेकर सुरनकोट और बफलियाज जा रहे थे। वहां सुरक्षाबलों ने एक खुफिया सूचना के आधार पर आतंकियों के खिलाफ घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। हालांकि इस दौरान सेना के जवानों की ओर से भी मजबूती से जवाब दिया गया, मगर इस मुठभेड़ में चार जवान शहीद हो गए और तीन अन्य घायल हो गए।यह सही है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर काबू पाने के लिए अनेक सख्त कदम उठाए गए, इसका असर भी देखने में आया कि आतंकी संगठनों की सक्रिय गतिविधियों कमी आई। मगर यह भी तथ्य है कि इस बीच आतंकी हमलों की प्रकृति में बदलाव देखा गया और निशाने पर सार्वजनिक स्थान और आम लोगों के बजाय अब सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को रखा जाने लगा है। कहा जा सकता है कि सरकार की ओर से आतंकी संगठनों की गतिविधियों की पहले की प्रवृत्ति के मद्देनजर जो रणनीति बनाई गई थी और उसकी वजह से अनेक आतंकवादियों को मार गिराने और आतंकी वारदात पर काबू पाने में कामयाबी मिलने लगी थी, शायद उसे ही देखते हुए आतंकी संगठनों ने अब ऐसे हमलों के लिए अलग तौर-तरीके अपनाने शुरू किए हैं। साफ है कि इस नई चुनौती का सामना करने के लिए उस क्षेत्र में पसरे आतंकवाद के खिलाफ उसी के मुताबिक सेना और अर्धसैनिक बलों को भी नई रणनीति पर काम करने की जरूरत है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से ऐसी कई घटनाओं की तरह पुंछ में हुए ताजा हमले की भी जिम्मेदारी लश्करे-तैयबा की एक शाखा पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट यानी पीएएफएफ ने ली है। आतंकवाद के दायरे में इस नए चेहरे को भारतीय सुरक्षा बलों पर हमला, अपने संगठन में भर्ती के लिए युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें हथियार चलाने का प्रशिक्षण देने के लिए भी जाना जाता है। जाहिर है कि आतंकवाद का सामना करने के लिए सरकार की कोशिशों के बरक्स आतंकी संगठनों ने भी अपने तरीके में बदलाव किया है और इसी मुताबिक सेना या अर्धसैनिक बलों को भी सभी संभव विकल्प आजमाने के साथ-साथ सबसे ज्यादा ध्यान अपने खुफिया तंत्र पर देने की जरूरत है। पाकिस्तान स्थित ठिकानों से संचालित होने वाले ऐसे आतंकवादी संगठन आमतौर पर अपने हमलों को अंजाम देने के लिए स्थानीय आबादी का सहारा लेते हैं। इसलिए इसी मुताबिक सेना और सुरक्षा बलों को अपने अभियान को जारी रखना होगा। हालांकि अपने दायरे में सेना या अधसैनिक बलों की ओर से कोई कमी नहीं की जाती है, मगर पुंछ में हुए हमले में जवानों की शहादत और पीएएफएफ की ओर से इसकी जिम्मेदारी लेने की घटना ने आतंकवादियों से निपटने के लिए नई रणनीति की जरूरत रेखांकित की है।

# औपनिवेशिक कानूनों से मिली मुक्ति

अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहे औपनिवेशिक कानूनों से आखिरकार जनता को मुक्ति मिल गई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुलामी के प्रतीक माने जाने वाले तीन प्रमुख कानूनों में आमूलचूल बदलाव के विधेयक लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करा लिए। इनमें परिवर्तन की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि फिरंगी हुकूमत के समय वजूद में लाए गए ये कानून स्वतंत्रता सेनानियों को अधिकतम दंड देने की मानसिकता से बनाए गए थे। जबकि कोई भी विधि सम्मत प्रक्रिया दंड की अपेक्षा न्याय के सारोकारों से जुड़ी होनी चाहिए। शाह ने इन विधेयकों पर संसद में चर्चा करते हुए कहा कि इन कानूनों के लागू होने के बाद दुनिया में सबसे अधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी, क्योंकि अब इनकी आत्मा में भारतीयता नीहित कर दी गई है। उन्होंने अंग्रेजों के और अब के कानून में फर्क बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के जमानों में बने कानून का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के हितों की रक्षा करना था। इसलिए इसमें दंड को मूल में रखा गया था, किंतु अब न्याय पर जोर होगा। वैसे भी भारत में न्याय की अवधारणा बहुत पुरानी है और ये कानून उसी अवधारणा की भावना पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था। कानून संबंधी पारित विधेयक उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रीत हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुष्कर्म और मॉब लीचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया जा रहा है। कुछ प्रचलित धाराओं की संख्या भी बदली गई है। जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा। इसी तरह बलात्कार की धारा 376 को 63 में बदला जाएगा। प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में अमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। कुल 313 धाराएं बदली गई हैं। इनमें चार धाराएं सबसे ज्यादा असरकारी साबित होंगी। एक, राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित कर दिया जाएगा। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। दो, मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है। क्योंकि कभी-कभी चोर को भी भीड़ मार देती है। झारखंड और अन्य कई अशिक्षित क्षेत्रों में महिलाओं को डायन बताकर समूह मार देता है। इन हत्याओं पर अब मॉब लीचिंग कानून लागू होगा। अभी तक ऐसे मामलों में हत्या की धारा 302 और दंगा या बलवा की धाराएं 147-148 के तहत कार्यवाही होती है। तीन, नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के



आरोप में 20 साल का कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। विरोध नहीं करने के अर्थ का आशय सहमति नहीं निकाला जाएगा। मौजूदा स्थिति में नाबालिग से दुष्कर्म पर न्यूनतम सजा में सात साल की व्यवस्था है। इसी तरह राज्यों को अब असली पहचान छिपाकर संबंध बनाने वाले अपराधियों के लिए 'लव जिहाद' जैसा पृथक कानून बनाने की जरूरत नहीं है। प्रस्तावित कानून में गलत पहचान बताकर नौकरी, पदोन्नति और अन्य प्रलोभन दिलाने के झूठे वादे कर दुष्कर्म के अंजाम को सजा के दायरे में लाया गया है। लव जिहाद इसी के अंतर्गत आएगा। चौथा, देश में पहली बार छोटे-मोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का क्रांतिकारी प्रावधान किया गया है। इन अपराधों में नशे में हंगामा और पांच हजार से कम की चोरी करने के आरोप में सामुदायिक सेवा की सजा दी जाएगी। ऐसी सजा में सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने जैसे प्रावधान शामिल हैं। हालांकि उच्च न्यायालय ग्वालियर ने इस तरह की सजाएं सुनाई हैं। सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है। इसके औचित्य पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। संसद में भी इस धारा के औचित्य पर कई बार प्रश्नचिन्ह खड़े किए गए हैं। लेकिन बदलाव के इस प्रस्ताव से पहले कोई भी सरकार ने इस कानून में परिवर्तन की हिम्मत नहीं जुटा पाई। संप्रग सरकार में जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब 2012 में राज्यसभा में प्रस्तुत एक निजी विधेयक में सांसद डी राजा ने कहा था कि 'देश में चले स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के दमन और उन पर अमानुशिक अत्याचार के लिए फिरंगी हुकूमत ने 1860 में देशद्रोह का कानून बनाया था। इसे और कठोर 1870 में धारा 124-ए को दण्ड प्रक्रिया संहिता में शामिल कर लिया गया था, लिहाजा इस कानून में अब बदलाव की जरूरत है।' लेकिन इस निजी विधेयक को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। दरअसल यही वह कालखंड था, जब 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पूरे राष्ट्र में एकजुटता के साथ उभरा था। इसमें आमजन की बड़ी संख्या में भगीदारी थी। इसी आमजन को दंडित करने के लिए ही इस दमनकारी कानून को वजूद में लाया गया था। यह सब जानते हुए भी तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने धारा 124-ए को 'आतंकवाद, उग्रवाद और सांप्रदायिक हिंसा जैसी देशद्रोही समस्याओं से निपटने के लिए आवश्यक और संविधान सम्मत' बताया था। सरकार ने इस समय संसद में यह भी स्पष्ट किया था कि समुचित दायरे में रहकर सरकार की आलोचना करने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन जब आपत्तिजनक तरीकों का सहारा लिया जाए, तब यह धारा प्रभावी हो सकती है।' तब बहस में भाजपा समेत कई दलों के सांसदों ने मौजूदा सरकार के इस रुख का समर्थन किया था। इस धारा के आतंकवाद और उग्रवाद के परिप्रेक्ष्य में चले आ रहे महत्व के चलते ही, इसे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू भी नहीं हटा पाए थे, जबकि वे इसे हटाए जाने के पक्ष में थे। धारा 124-ए के अंतर्गत लिखित या मौखिक शब्दों, चिन्हों प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष तौर से नफरत फैलाने या असंतोष जाहिर करने पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। इस धारा के तहत दोशी पर आरोप साबित हो जाए तो उसे तीन साल के कारावास तक की सजा हो सकती है। 1962 में शीर्ष न्यायालय के सात न्यायाधीशों की खंडपीठ ने 'केदारनाथ बनाम बिहार राज्य' प्रकरण में, राजद्रोह के संबंध में ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि 'विधि द्वारा स्थापित सरकार के विरुद्ध अव्यवस्था फैलाने या फिर कानून या व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा करने या फिर हिंसा को बढ़ावा इेने की प्रवृत्ति या मंशा हो तो उसे राजद्रोह माना जाएगा।' इसी परिभाषा की परछाई में हार्दिक पटेल बनाम गुजरात राज्य से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 'यदि कोई व्यक्ति अपने भाषण या कथन के मार्फत विधि द्वारा स्थापित सरकार के खिलाफ हिंसा फैलाने का आवाहन करता है तो उसे राजद्रोह माना जाएगा।' अदालत के इन फैसलों के अनुक्रम में किसी अन्य देश की प्रशंसा, परमाणु संयंत्रों का विरोध, राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े नहीं होना, जैसे आचरण जरूर राजद्रोह नहीं कहे जा सकते हैं, लेकिन 'भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार,' जैसे नारे न केवल राजद्रोह हैं, बल्कि राष्ट्रद्रोही भी है।' इस परिप्रेक्ष्य में यह समझ लेना भी जरूरी है कि संविधान का अनुच्छेद 19-1 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी जरूर देता है, लेकिन इस पर युक्तियुक्त प्रतिबंध भी लगाया गया है। नए कानून में पहली बार आतंकवाद की इबारत को पारिभाषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को संकट में डालने के इरादे से कोई कृत्य करता है तो उसे नए कानून के हिसाब से सजा मिलेगी। अतएव देश के अस्तित्व को चुनौती देने वाले बाहरी या भीतरी असामाजिक तत्व कानूनी शिकंजे से बचने न पाएं, इसकी व्यवस्था के प्रावधान किए गए हैं। यही कानूनी प्रावधान बृहत्तर सामाजिक हित राज्य को भारत की संप्रभुता, अखंडता तथा राज्य की सुरक्षा से जोड़ते हैं। भारत के विरुद्ध सांप्रदायिक कट्टरता फैलाने और सरकार के लिए नफरत के हालात बनाने में भारत विरोधी विदेशी ताकतें सोशल मीडिया का मनचाहा एवं गलत दुरुपयोग करती हैं, इसलिए नए कानून में देश तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों पर अंकुश के लिए कठोर कानूनी प्रावधान नए कानून में हैं।

**प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# विपक्षी सांसदों का निलंबन तानाशाही चरित्र का घोतक : हरीश रावत

## भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस के नेताओं ने किया राजभवन कूच,राष्ट्रपति को भोजा ज्ञापन







देहरादून(उद संवाददाता)। शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा एवं राज्यसभा में संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मुद्दे पर बहस के दौरान 143 सांसदों को निलंबित किए जाने के मामले में कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के नेताओं ने राजभवन कूच किया। इसके अलावा प्रदेशभर में जिला और महानगर मुख्यालयों पर भी प्रदर्शन किए गए। देहरादून में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हाथीबड़कला के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। यहां धक्कामुक्की के साथ कार्यकर्ताओं की पुलिस से तीखी बहस हुई। इसके बाद कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए और प्रदर्शन करने लगे। दोपहर बाद पुलिस प्रदर्शन कर रहे लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले गई, जहां कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया गया। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे कांग्रेस सहित सपा, सीपीआई और कम्युनिस्ट दलों के कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में राजभवन की ओर कूच किया। इस दौरान माहरा ने कहा कि लोकसभा एवं राज्यसभा में संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मसले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे विपक्षी दलों के 143 सांसदों की अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबित किया गया है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस विरोध करते हुए इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने सभी विपक्षी दलों के सांसदों को उनके हितों की रक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी है। जब वह सरकार से संसद की सुरक्षा में हुई चूक पर स्पष्टीकरण मांग रहे थे, तब उन्हें निलंबित कर दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि जनता की आवाज दबाने के लिए विपक्षी दलों के सोंदों को निलंबित कर लोकतंत्र का गला घोट दिया है। यह भाजपा के फासीवादी एवं तानाशाही चरित्र का द्योतक ही नहीं, स्वस्थ लोकतंत्र के भविष्य के लिए भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इसे लोकतंत्र में विश्वास रखने वाला कोई भी दल सहन नहीं करेगा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि संसद एवं देश की सुरक्षा के लिए आवाज उठाने पर लोकसभा अध्यक्ष एवं राज्यसभा के उपसभापति द्वारा की गई यह कार्रवाई लोकतंत्र के लिए अच्छा संदेश नहीं है। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में मांग की गई कि राजनीतिक प्रतिशोध और द्वेष की भावना से प्रेरित होकर विपक्षी दल के सांसदों के खिलाफ की गई निलंबन की कार्रवाई को शीघ्र वापस लिया जाए। राजभवन घेराव कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, विधायक ममता राकेश, वीरेंद्र जाती, फुरकान अहमद, अनुपमा रावत, पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, डॉ. हरक सिंह रावत, मंत्री प्रसाद नैथानी, पूर्व विधायक राजकुमार, जोत सिंह गुनसोला ने भी प्रतिभाग किया। सभी नेताओं ने एक स्वर में सांसदों का निलंबन वापस लिए जाने की मांग की। सपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सत्यनारायण सचान, माले के इंद्रेश मैखुरी, सीपीआई के समर भंडारी, राजेंद्र नेगी, राजेंद्र पुरोहित, कम्युनिस्ट पार्टी की इंदु नौटियाल, टीकाराम पाण्डेय आदि ने भी भाग लिया। इस दौरान मथुरा दत्त जोशी, सूर्यकांत धस्माना, विरेंद्र पोखलियाल, नवीन जोशी, गोदावरी थापली, जयेंद्र रमोला, जसविंदर सिंह गोगी, सतपाल ब्रहमचारी, लक्ष्मी अग्रवाल, मोहित उनियाल, शांति रावत, लालचंद शर्मा, गरिमा दसौनी, अनुकृति गुसांई, हेमा पुरोहित, मनीष नागपाल, राजेश चमोली, आनंद बहुगुणा, दर्शन लाल, नजमा खान आदि शामिल रहे।

## सार्वजनिक उपक्रमों,उद्यम एवं निगमों को 3 श्रेणियों में बांटा जाए : सीएस

देहरादून(उद सवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने शुक्रवार को सचिवालय में सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, स्वायत्तशासी संस्थाओं के कार्य-कलापों का प्रभावी ढंग से अनुश्रवण एवं उनके कार्मिकों के अधिष्ठान सम्बन्धी विषयों के समाधान के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि सार्वजनिक उद्यम एवं निगमों को 3 श्रेणियों में बांटा जाए। अच्छा प्रदर्शन कर मुनाफे में रहने वाले सार्वजनिक



उपक्रम एवं निगम श्रेणी 'ए' में, औसत प्रदर्शन करने वाले को श्रेणी 'बी' में और निम्न प्रदर्शन करने वाले को 'सी' श्रेणी में रखा जाए। उन्होंने कहा कि अच्छा प्रदर्शन करने वाले निगम एवं संस्थानों को भत्तों आदि के लिए स्वतंत्रता दी जाएगी एवं अपने स्तर से निर्णय ले सकेंगे। 'बी' और 'सी' श्रेणी के सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम आदि अच्छा प्रदर्शन कर निर्धारित मानदण्डों को पूरा कर श्रेणी 'ए' में आ सकेंगे। मुख्य सचिव ने सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो को मजबूत बनाते हुए 15 दिन में मीटिंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक उपक्रमों के कार्य-कलापों का प्रभावी ढंग से अनुश्रवण करने सम्बन्धी विषयों के समाधान हेतु केन्द्र सरकार द्वारा की गयी व्यवस्था को राज्य में भी लागू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, श्री विनय शंकर पाण्डेय सहित विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, स्वायत्तशासी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम छोर तक पहुंचायें : सीडीओ

भीमताल। विकास भवन भीमताल में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में जिला, राज्य केंद्र, सहायतित योजना, 20 सूत्रीय कार्यक्रम और समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही जिला योजना वर्ष 2023 के तहत सभी विभागों से प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला योजना, लो नि वि, पेयजल, पंचायती राज, उद्यान उरेड़ा, समाज कल्याण, शिक्षा, कृषि विभाग, पशुपालन आदि विभागों के आय व्यय की समीक्षा और विभागवार चर्चा की गई।मुख्य विकास अधिकारी पाण्डे ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनवरी माह तक सभी विभाग अपना टारगेट पूरा करें साथ ही सरकार



की योजनाओं को गांव के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए मॉनिटरिंग और फिल्ड,योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें।बताया कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत रामनगर के 12 गांव को सरकारी योजनाओं को प्रोत्साहित और विकास कार्य करने की बात कही। उन्होंने तमिलनाडु में फैल रहे कोरोना वेरियंट से जिले में ऐतिहात बरतने के निर्देश दिए।इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी जे एम सोनी, लो नि वि, कृषि विभाग, पशुपालन, पेयजल, खेल, उद्यान विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मंडी परिसर से धान चोरी करते तीन चोरों को दबोचा

### यूआई फैब्रिकेटर्स कंपनी में भी चोरों का धावा

सितारगंज(उद संवाददाता)। सितारगंज मंडी परिसर से दिन दहाड़े आढ़तियो का रखा धान चोरी करते तीन चोरों को मंडी में तैनात गार्ड ने रंगे हाथ धर दबोचा। मंडी परिसर में रखी अनाजों की लंबे समय से चोरी हो रही थी। लाख कोशिशों के बावजूद भी इन चोरियों पर लगाम न लगाया जा सका और न ही चोर शिकंजे में आ रहा था। शुक्रवार को मंडी परिसर में तैनात गार्डों ने मंडी परिसर में रखी तीन बोरी धान चोरी करते हुए रंगे हाथ, तीन चोरों को धर दबोचा। पकड़े गए तीनों ही चोर 20 से 25 वर्ष के बताए जा रहे हैं, जो कि नशे का आदी हैं। मंडी परिसर में तैनात गार्डों ने चोरी करते हुए पकड़े गए तीनों ही युवा चोरों को हिदायत देकर छोड़ दिया।वहीं दूसरी घटना में पुलिस की मुस्तैदी को दरकिनार कर अज्ञात चोरों ने, यूआई फैब्रिकेटर्स कंपनी के स्टोर रूम में चोरी को अंजाम दे दिया। कंपनी स्वामी ने कोतवाली पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। सितारगंज क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। 12 दिसंबर की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा यूआई फैब्रिकेटर्स प्राइवेट लिमिटेड के स्टोर रूम में रखे, सिलेंडर का दो बॉक्स बल्ब चोरी कर ले गए। कंपनी के स्टाफ द्वारा चोरी हुई बल्ब की हर संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई, परंतु कहीं कोई अता-पता न लग सका। चोरों द्वारा चोरी किए गए बल्ब की वजह से, कंपनी का कार्य भी बाधित हो गया है। कंपनी स्वामी विशाल तुली पुत्र मेजर एन के तुली ने कोतवाली पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर सौपते हुए कार्यवाही की मांग की।

## पेज एक का शेष...

**राष्ट्रवाद हमारा परम..**11 बजे विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचे। यहां उन्होंने समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि यहां देवभूमि में आना परम सौभाग्य है। इस विश्व विद्यालय का नाम वर्षों से सुनता रहा हूं आज पहली बार आने का मौका मिला है। आज यहां से एक बड़ा संकल्प लेकर जाऊंगा। गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हमारी संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत है। इसके संरक्षण इसके सृजन का मुख्य आधार है भारत की पहचान दुनिया में और हमारे मन में है। पांच हजार हजार साल की संस्कृति की वजह से हैं। हमारे दर्शन का महत्व है इसका यह प्रमुख केन्द्र है। विश्वविद्यालय के छात्रों को मैं निमंत्रण देना चाहता हूं कि वो भारत की नवनिर्मित संसद भवन में आयें और तब उनको आभास होगा कि हम कितने सही बदल गये हैं। हमारे में कितना सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कुलाधिपति और कुलपति से छात्रों के समूह को वहां लाने का आहवान किया। महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती पर यह आयोजन महत्वपूर्ण है। यह महाकुंभ उनके महान जीवन के लिए हमारी श्रद्धांजलि है। उनके आदर्श हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। इस महाकुंभ के माध्यम से वेद और विज्ञान को सशक्त करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। समय आ गया है कि हम वेदों में झांकें। चिंता की बात है कि बहुतों ने वेद देखे ही नहीं है। मेरा आग्रह है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को वेद से अवगत करायें। यह हमारे राष्ट्र निर्माण के लिए अहम होगा। आज हमारी महानता को दुनिया समाज रही है। आज नई शिक्षा नीति में सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप हैं। हर भारतवासी को अपनी संस्कृति और विरासत को लेकर गौरव महसूस करना चाहिए। भारतीयता हमारी पहचान है। हम जहां भी जायेंगे हमारी पहचान भारतीयता है। राष्ट्रवाद हमारा परम धर्म है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम एक महान राष्ट्र के नागरिक हैं। चिंता और चिंतन का विषय है कि कुछ गिने चुने लोग गौरव तो छोड़िये भारत की महान छवि को धूमिल करने में लगे रहते हैं। या तो वह भ्रमित हैं या पथभ्रष्ट हैं। संस्कृति के विरोधियों राष्ट्रवाद के विरोधियों और अस्तित्व के विरोधियों पर प्रतिघात होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस महाकुंभ के सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। यह कार्यक्रम सामरिक होगा। यहां का संदेश प्रेरणादायक होगा इसकी गूंज हर विश्वविद्यालय में होगी। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता लोकसभा सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल ले.ज. सेनि गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा योग गुरु स्वामी रामदेव, विवि कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु के अलावा कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार मंच पर आसीन रहे।

**महारैली से निपटने के लिए...**तहत पहाड़ों में भूमि खरीद की अधिकतम सीमा को ही समाप्त कर दिया गया। यानी राज्य के भीतर बाहरी लोग जितनी चाहे जमीन खरीद सकते हैं। राज्य सरकार का मानना था कि इस नियम में संशोधन करने के बाद राज्य में निवेश और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन अब सरकार के इस फैसले का विरोध होने लगा है। इसके साथ ही राज्य में मूल निवास की अर्हता 1950 करने की मांग की गई है अर्थात 1950 से राज्य में रह रहे लोगों को ही स्थाई निवासी माने जाने की मांग उठ रही है। बताने की जरूरत नहीं की इस मांग को अपना समर्थन देकर कांग्रेस अपनी राजनीतिक रोटी सेकने और यह भ्रम फैलाने के प्रयास में है कि भारतीय जनता पार्टी ने 2018 में राज्य में औद्योगिक प्रयोजन के लिए जमीन खरीदने की सीमा को समाप्त करके पहाड़ की जमीन को खुर्द-बुर्द करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत द्वारा इस संबंध में जारी किए गए ताजा बयान से कांग्रेस के इरादों का पता भली भांति चल जाता है। कांग्रेस नेता के अनुसार जब वह सत्ता में थे तो उनकी सरकार में भू कानून और मूल निवास को लेकर जो बिल पेश हुआ था ,वह एक बड़ा मजबूत बिल था। अगर वह बिल वर्तमान समय में प्रभावी होता, तो आज राज्य में इस तरह की मांग उठाने की नौबत ना आती । कुल मिलाकर सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने मूल निवास एवं भू अधिकार मसले पर उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा करके, उपरोक्त मसले पर कांग्रेस के राजनीतिक लाभ लेने के मंसूबों पर पानी फेरने एवं स्वाभिमान रैली के परिणाम स्वरूप उनकी सरकार और पार्टी के विरुद्ध बनने वाले संभावित नकारात्मक परसेप्शन को कुछ हद तक कम करने में वक्ती सफलता जरुर हासिल कर ली है, पर उन्हें इस मसले का जनस्वीकार्य हल शीघ्र ही निकलना होगा।

**भीमताल में पिंजरे...** ने स्वत: संज्ञान लेकर उसे सीधे मारने से मना कर दिया था। न्यायालय में नरभक्षी को गुलदार या बाघ चिन्हित कर पाने में असफल होने पर न्यायालय ने पहले उसे चिन्हित कर कब्जे में लेने को कहा था। जिसके बाद विभाग ने हिंसक वन्यजीव को पकड़ने के लिए 14 पिंजरे और 36 कैमरा ट्रैप लगाए। इसके अलावा कई गश्ती दल और ड्रोन कैमरों से हिंसक वन्यजीव की लोकेशन को तलाशा गया। शुक्रवार शाम तक तमाम कोशिशों के बावजूद विभाग को हिंसक वन्यजीव के पंजे, मल मूत्र, कोई फोटो या अन्य ठोस जानकारी नहीं मिल सकी थी। शनिवार सुबह बाघ और गुलदार के असमंजस के बीच बड़ोंन रेंज के दुधली गांव में एक गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। पकड़े गए गुलदार के सैम्पल लेकर इस बात की टेस्टिंग कराई जा रही है कि क्या ये वही हिंसक वन्य जीव है जिसकी विभाग को तलाश है ?

**किसानों के लिए ..**द्वारा चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी गई । साथ ही सभी ने यह शपथ ली कि हमेशा नि:स्वार्थ भावना से जरूरतमंद गरीब लोगों की मदद के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले, आईएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग इत्यादि प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं, 70 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व सैनिकों, वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जाट समाज के लिए फैमिली मिलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर विराट आर्या, राजीव सिंह, विनोद फौगाट, विवेक पंवार, प्रदीप सजवाण, सुनील दिनोडा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**पत्रकारों से ...**किया जायेगा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पांच दिन में कांग्रेस नेताओं ने माफी नहीं मांगी तो व्यापक आंदोलन किया जायेगा। धरना देने वालों में विक्की विश्वास, विरेन्द्र पटेल, सुब्रत कुमार विश्वास, इन्द्रपाल, रामपाल धनगढ ,तापस विश्वास, कालीदास, अर्जुन नेगी, मोहर सिंह, प्रेमशंकर, शिवम सिंह, लालू प्रसाद यादव, रमेश गंगवार,रमेश शर्मा, राहुल मण्डल, लाखन सिंह, गजेन्द्र, कृपाल, प्रदीप, राजीव, विनोद, महेन्द्र मौर्य आदि शामिल थे।

**अज्ञात वाहन की...**मार दी। मृतक रामानन्द के दो पुत्र सोनू व गुलशन तथा दो पुत्रियां ऊषा देवी व आशा देवी हैं । जिनमें सोनू, ऊषा देवी व आशा देवी का विवाह हो चुका है। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता का किया जोरदार स्वागत

रूद्रपुर/गदरपुर(उद संवाददाता)। देहरादून में मत्स्य पालक विकास अभिकरण के उपाध्यक्ष (दर्जा राज्य मंत्री) पद का कार्यभार ग्रहण करके जनपद में लौटने पर वरिष्ठ भाजपा नेता फूल मालाओं से जोदार स्वागत करते हुए उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि उत्तम दत्ता को दर्जा राज्य मंत्री का दायित्व सौंपकर प्रदेश जिम्मेवारियां सौंपी उन पर पूरी तरह खरे उतरे। हर चुनाव में पार्टी की जीत में उन्होंने अपनी अहम भूमिका निभाई है। उन्हें जो दायित्व सरकार ने सौंपा है उस पर भी वह पूरी निष्ठा से काम करते हुए सरकार और हिमांशु शुक्ला पार्षद विधान राय निमित्त शर्मा भवन गुप्ता, डॉ राकेश सिंह प्रमोद शर्मा सुशील चौहान आयुष तनेजा सुनील कुमार बाबा सुशील यादव रजनी यादव विनय विश्वास अंबर सिंह राम अवतार दर्जा दिये जाने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और आगामी चुनाव में भी पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तम दत्ता पार्टी के एक समर्पित और कर्मठ नेता हैं उन्हें दायित्व सौंपकर आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। **गदरपुर**– भारतीय जनता पार्टी के माननीय श्री उत्तम दत्ता जी को दर्जा राज्य मंत्री बनने पर गदरपुर में प्रथम बार आगमन पर भारतीय जनता पार्टी एवं






उत्तम दत्ता का जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने निवर्तमान भाजपा पार्षदों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। रामपाल सिंह दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता को रिसीव करने के लिए जसपुर में पहुंचे। यहां उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इसके पश्चात रामपाल सिंह के नेतृत्व में जिला मुख्यालय रूद्रपुर स्थित भगत सिंह चौक पर उत्तम दत्ता का सरकार ने कार्यकर्ताओं की भावनाओं और बंगाली समाज की भावनाओं का सम्मान किया है। उत्तम दत्ता जमीन से जुड़े हुए पार्टी के कर्मठ और जुझारू नेता हैं। उन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पित होकर पार्टी की सेवा की है। उनकी निस्वार्थ सेवाओं को देखकर ही उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गयी है। उत्तम दत्ता की छवि समाज में एक साफ सुथरे और ईमानदार नेता की है। उन्हें पार्टी ने अब तक जो भी जनता की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। उनके नेतृत्व में मत्स्य पालक विकास अभिकरण विकास के नये आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल अमित नारंग,मंडी परिषद के अध्यक्ष के के दास, विकास शर्मा,राकेश सिंह, विवेक सक्सेना, तरुण दत्ता, राम प्रकाश गुप्ता, मनीष शुक्ला, शर्मा वेद प्रकाश मौर्य सुरेश विश्वास सतपाल गंगवार ललित बिष्ट सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं गल्ला मण्डी में पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पवन अग्रवाल के प्रतिष्ठान श्री सालासर इंटरप्राईजेज पर भी दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता का स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेता पवन अग्रवाल ने कहा कि उत्तम दत्ता को राज्य मंत्री का सरकार ने कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान किया है। इस अवसर पर सुरेश शर्मा ,हरीश मित्तल, पंकज अग्रवाल ,शिवांश अग्रवाल ,राजेश गर्ग ,नीरज गर्ग ,सोनू गोयल ,ललित बिष्ट, सुभाष सागर, गोपी सागर ,गगन वाधवा, गुलशन नारंग ,नरेश सागर, बिल्लू ग्रोवर, मंगल गंगवार, नरोत्तम गिरी,चेतन ग्रोवर, अशोक राजपूत, पंकज यादव ,नन्हे यादव ,सुभाष यादव ,सुभाष रस्तोगी, भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुडिया द्वारा उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, राजेश गुंबर मिनी ,अभिषेक वर्मा राकेश गुंबर ,परमजीत सिंह, हरलोक सिंह आदि रहे।

## विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ कैंडल लाइट विरोध प्रदर्शन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंडिया एलायंस द्वारा विपक्षी सांसदों के संसद से निलंबन के खिलाफ राष्ट्रीय विरोध प्रदर्शन के आह्वान के तहत भाकपा माले और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा लालकुआं में कार रोड चौराहे पर कैंडल जलाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सभा की गई।वक्ताओं ने कहा कि, मोदी सरकार द्वारा विपक्ष को संसद से निलंबित कर मनमाने ढंग से कानून पारित करने और संसदीय लोकतंत्र की हत्या की। भाकपा माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि विपक्ष मुक्त संसद और विरोध मुक्त सड़क के मंसूबे पालने वाली भाजपा को देश की जनता कभी कामयाब नहीं होने देगी। देश के इतिहास में पहली बार 146 सांसदों को बस इतनी सी बात पर निकाल बाहर कर दिया गया कि वे संसद में हुए अप्रिय धुआं बम कांड पर प्रधानमंत्री व गृहमंत्री से बयान चाह रहे थे। बयान देने की बजाए बेहद अलोकतांत्रिक तरीके से सभी सांसदों को बाहर का रास्ता दिखला दिया गया।कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पुष्कर दानू ने कहा कि मोदी सरकार देश की डेमोक्रेसी को मोदीक्रेसी में बदल देने का सपना देख रही है। मोदी सरकार की यह तानाशाही चलने वाली नहीं है। आगामी लोकसभा चुनाव में सरकार को दिल्ली की गद्दी से उखाड़ फेंका जाएगा। इस अवसर पर मांग उठाई गई कि सभी निलंबित सांसदों का निलंबन अविलंब वापस लिया जाए। प्रदर्शन और सभा में मुख्य रूप से भुवन जोशी, गिरधर बम, रमेश कुमार, विमला रौथाण, कमल जोशी, आइसा जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, प्रभात पाल, हरीश भंडारी, गुरदयाल मेहरा, हरीश बिसोती, राजपाल, विजय सामंत, खुशाल मेहता, माया देवी, प्रदीप बथयाल , देवी दत्त पाण्डे, मनोज दानू, हरीश दानू, संजय बिष्ट, वीरेन्द्र दानू, पवन बिष्ट, हरीश दानू, त्रिलोक राम, निर्मला शाही, केदार दानू, धर्मेंद्र सिंह दसोनी, सागर बथयाल, मोती सिंह धामी, ललित कोहली, अजय पाल, गोकरण सिंह आदि शामिल रहे।






## मनीषा ने मॉडलिंग में जीता मिस टीन खटीमा का खिताब



खटीमा(उद संवाददाता)। ब्लॉक सभागार में जागृति सेवा समिति द्वारा अयोजित जासेस टैलेंट हंट इवेंट में रुद्रपुर के आवास विकास निवासी मनीषा गैरा ने मॉडलिंग में मिस टीन खटीमा 2023 का खिताब अपने नाम किया। मनीषा ने ये खिताब वहा आई सभी प्रतियोगियों को पछाड़ कर अपने नाम किया। इसके साथ–साथ मनीषा ने डांस में भी काफी अच्छा परफॉर्मेंस दिया। इवेंट में मॉडलिंग जूरी पैनल में मॉडल रितु जोशी जो कि जासेस क्लब की सेक्रेटरी और इवेंट ऑर्गेनाइजर भी हैं और उनके साथ गौरव भट्ट हैं जो ज्तनजनत.पद के संस्थापक हैं दोनों ने मनीषा की तारीफ करते हुए बोला कि मनीषा ने अपने टैलेंट के दम पर ये प्रतियोगिता जीती और भविष्य के लिए मनीषा को शुभकामनाएं भी दी है । इसके साथ–साथ जासेस क्लब के संस्थापक श्री लक्ष्मीकांत लोहानी और सचिव रितु जोशी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद छुपी हुई प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है। अभी सिटी लेवल पर इवेंट करवाया गया और आगे डिस्ट्रिक्ट लेवल पर भी करवाएंगे। मनीषा की जीत की खुशी से उसके पापा श्री सुंदर सिंह बिष्ट और उनके परिवार और उनके स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज रुद्रपुर के सभी लोग बहुत खुश हैं।

## विधायक पाण्डेय ने दी कोली परिवार को सांत्वना



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के पूर्व काबीना मंत्री एवं गदरपुर क्षेत्र के विधायक अरविंद पाण्डेय ने रम्पुरा निवासी भाजपा नेता कांति कोली के आवास पहुंचकर उनके भाई प्रेम कोली की एक सड़क हादसे में हुई मृत्यु पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि प्रेम कोली के जीवन रक्षा के लिए उन्होंने ने भी अपनी तरफ से पूरे प्रयास किए थे। उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश रेफर कर रवाना भी किया। लेकिन उनका जीवन नहीं बचाया जा सका। उसका उन्हे काफी दु:ख है। उन्होंने कहा कि वह परिवार की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। श्री पाण्डेय ने स्व. प्रेम कोली के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर परिजनों द्वारा श्री पाण्डेय से आग्रह किया गया कि घटना के दोषी कार चालक को सलाखों के पीछे बंद कर उसे सख्त सजा दिलवाने में सहयोग दें। इस दौरान भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष धर्म कोली, गोपी सागर, मंगली राम, राधे श्याम, अनिल कोली, दिनेश कोली, पंकज कोली, हरप्रसाद कोली, होरीलाल, गंगा देवी, ममता कोली, कमलेश कोली, किरण कोली, सोमवती कोली, गीता कोली, पूनम कोली, मोनिका कोली, मनीषा कोली, कंचन कोली, गेंदनलाल, दाताराम, भगवान दास, धरमपाल कोली, जगदीश कोली, रामपाल कोली, मुकेश कोली, हिम्मत राम कोली, मनोज बिष्ट, विमला कोली, कुसुम कोली, सुनीता कोली, काजल कोली सहित तमाम परिजन मौजूद रहे।

## 25 दिसंबर को धामी करेंगे वाजपेई की प्रतिमा का अनावरण

काशीपुर(उद संवाददाता)। भूतपूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी वाजपेयी पार्क का शुभारम्भ एवं उनकी प्रतिमा का अनावरण सुशासन दिवस के मौके पर 25



दिसंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए अध्यक्ष प्रादेशिक को –ऑपरोटिव यूनियन एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी भाजपा राम मेहरोत्रा ने बताया कि 25 दिसंबर सुशासन दिवस के मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के रुप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यकम की अध्यक्षता मा. अजय भट्ट रक्षा राज्यमन्त्री करेंगे। इसके अलावा अजय , महामंत्री संगठन व गणेश जोशी, कैबिनेट मंत्री उत्तराखण्ड सरकार कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे।भाजपा नेता राम मेहरोत्रा ने काशीपुर की सम्मानित जनता से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आह्वान किया।

## आग से 9 एकड़ खेत में लगा गन्ना जलकर हुआ राख

### विधायक बेहड़ ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा



किच्छा(उद संवाददाता) इंटार्क कम्पनी के सामने रुद्रपुर बाईपास के समीप आग से खेत में 9 एकड़ भूमि में लगा गन्ना जलकर स्वाह हो गया जिसकी सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने खेत के स्वामियों से मुलाकात की। मौके पर भीमसेन मुंजाल जो की खेत के बटाईदार हैं । उन्होंने बताया कि यह भूमि किच्छा निवासी श्री सुदर्शन ठुकराल जी की है तथा उनसे बटाई पर लेकर वह खेती करते हैं तथा उन्होंने 9 एकड़ भूमि पर गन्ना बोया था किंतु विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते उनके खेत में से बीच में तारे जा रही है लटकी हुई है जिसकी सूचना पहले भी कई बार दे चुके हैं यह दुर्घटना घटित हुई है और उनका पूरा गन्ना जलकर स्वाह हो गया है। मौके पर विधायक तिलक राज बेहड ने वहां उपस्थित पटवारी, तथा गन्ना ग्राम सेवक को आगजनी के कारणों का पता लगाने तथा भीमसेन मुंजाल के हुए नुकसान की शीघ्र से शीघ्र की भरपाई किए के आदेश दिए तथा उन्होंने भीमसेन मुंजाल को अधिकारियों से वार्ता कर हर संभव मदद दिलाई जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान मौके पर भीमसेन मुंजाल, तीरथ मुंजाल, मोहम्मद तारिक ,रफीक अहमद शाहिद,सोनू चौहान, दीप हंसपाल,गन्ना ग्राम सेवक सचिन सिंह उपस्थित रहे।